संपादकीय

नशे से साझी जंग

समाज में युवा पीढ़ी को खोखला करने वाले नशे के घातक कारोबार के खिलाफ नौ राज्यों का एकजुट होना नई उम्मीद जगाता है। हरियाणा की पहल पर चंडीगढ़ में आयोजित अंतरराज्यीय कानफ्रेंस में एक साथ आए हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान व उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों ने प्रतिबद्धता जाहिर की कि नशे के खिलाफ सुनियोजित ढंग से लड़ाई लड़ी जानी चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पड़ोसी देशों से सुनियोजित तरीके से नशे की तस्करी की जा रही है। हाल ही में पंजाब व हरियाणा से बरामद नशे की बड़ी खेप इस बात का सबूत है कि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करने के लिये किस पैमाने पर साजिश रची जा रही है। दरअसल, बीते साल अक्तूबर में नशे के खिलाफ शुरू हुए साझे अभियान पर नौ राज्यों में सहमति बनी थी, जिसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्यमंत्रियों व अधिकारियों ने भाग लिया था। उसी पहल को मूर्त रूप देने की कड़ी में बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में यह बैठक हुई, जिसमें प्रभावी कानून व रणनीति बनाकर नशे के नासूर के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने पर सहमति बनी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का मानना था कि संगठित अपराध रोकने, नशा तस्करों पर अंकुश लगाने तथा गैंगस्टरों की कमर तोड़ने के लिये हरियाणा सरकार महाराष्ट्र के सख्त कानून 'मकोका' की तर्ज पर 'हकोका' कानून बनायेगी। आगामी मानसून सत्र में सरकार इस बाबत विधानसभा में विधेयक लायेगी। दरअसल, इस बैठक में नशे को राष्ट्रीय चुनौती मानते हुए साझा वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति हुई। दरअसल, नशीले पदार्थों की सुनियोजित आपूर्ति को रोकने के लिये युद्धस्तर पर अभियान चलाने की जरूरत समझी जा रही है, जिसमें नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने के साथ ही इसके डीलरों व आपूर्तिकर्ताओं पर नकेल कसने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है।

दरअसल, नशे के भयावह कुचक्र को तोड़ने के लिये जहां प्रभावी कानून, प्रशिक्षित अधिकारी, आधुनिक तकनीक व दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है वहीं समाज में जागरूकता लाने की भी आवश्यकता है। जांच अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देने के साथ ही कानून भी प्रभावी होना चाहिए ताकि नशे के तस्कर बचने न पायें। हरियाणा व हिमाचल ने नशे की आपूर्ति करने वाले गैंगस्टरों पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कानून बनाने की इच्छा जाहिर की है वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री अमरेंद्र सिंह ने संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने वाले कानून के सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने की बात कही है ताकि इसके दुरुपयोग की संभावना न रहे। इस अंतरराज्यीय कानफ्रेंस में इस बात पर भी बल दिया गया कि पंचकूला में बनने वाले साझे सचिवालय में सभी राज्यों के प्रतिनिधि अधिकारी मध्य अगस्त तक नियुक्त कर दें। वहीं बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मानना था कि नशे के खिलाफ जागरूकता लाने के लिये स्कूली पाठ्यक्रम में इसे विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। दरअसल, नशे के तस्कर बच्चों व महिलाओं के जरिये नशे की आपूर्ति करने की कोशिश करते रहते हैं। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि नशे के कारोबार को रोकने के लिये एक राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे राज्यों में नशे के प्रकोप को देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरते जाने की जरूरत है, जिससे नशा तस्करों की समानांतर अर्थव्यवस्था पर अंकुश लगाया जा सके। दरअसल, सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जहां साझे प्रयासों की जरूरत है वहीं समाज को भी जागरूक करने की जरूरत है। बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि नशे के मामलों से निपटने के लिये अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के अलावा सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा तुरंत कार्रवाई के लिये सभी राज्यों में बेहतर तालमेल स्थापित किया जाये।

श्रीलंका की 44 महीनों में पहली घरेलू वनडे सीरीज जीत

कोलम्बो (आरएनएस)। गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन के बाद ओपनर आविष्का फर्नांडो की 82 रन की आक्रामक पारी की बदौलत श्रीलंका ने बंगलादेश को दूसरे वनडे में रविवार को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। श्रीलंका ने इस तरह 44 महीनों में अपनी जमीन पर पहली घरेलू वनडे सीरीज जीत हासिल की।

बंगलादेश ने विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम की नाबाद 98 रनों की शानदार पारी की बदौलत 50 ओवर में आठ विकेट पर 238 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि श्रीलंका ने 44.4 ओवर में तीन विकेट पर 242 रन बनाकर आसान जीत अपने नाम की।

मैन ऑफ द मैच फर्नांडो ने मात्र 75 गेंदों में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 82 रन की मैच विजयी पारी खेली। कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने 15, कुशल

परेरा ने 30, कुशल मेंडिस ने नाबाद 41 और एंजेलो मैथ्यूज ने 57 गेंदों में सात चौकों की मदद से नाबाद 52 रन बनाये।

इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और मुशफिकुर ने टीम को पांच विकेट पर 88 रन की नाजुक स्थिति से उबारा और 200 के पार तक पहुंचाया। मुशफिकुर अंत तक नाबाद रहकर पवेलियन लौटे और अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने 110 गेंदों पर 98 रन में छह चौके और एक छक्का लगाया।

बंगलादेश टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर आठवें नंबर के बल्लेबाज मेहदी हसन का 43 रन रहा जिन्होंने 49 गेंदों में छह चौके लगाए।

कप्तान एवं ओपनर तमीम इकबाल ने 19, सौम्य सरकार ने 11, मोहम्मद मिथुन ने 12, शब्बीर रहमान ने 11 और मौसादक हुसैन ने 13 रन बनाये। श्रीलंका की तरफ से नुवान प्रदीप ने 53 रन पर दो विकेट, इसुरु उडाना ने 58 रन पर दो विकेट और अकीला धनंजय ने 39 रन पर दो विकेट लिए।

ऐंड्रॉयड ऐप्स चुरा सकते हैं आपका निजी डेटा, रखें सुरक्षित

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने वाले हर पांच में से चार लोग एंड्रॉयड फोनों का इस्तेमाल करते हैं। ये हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। इनमें हमसे जुड़ा काफी निजी डेटा स्टोर होता है। इसलिए इनकी सुरक्षा भी जरूरी है। मौजूदा समय में यूजर्स के पर्सनल डेटा की सिक्यॉरिटी पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। अक्सर ही ऐप्स के हैक होने की खबरें आती रहती हैं। यूजर्स के पर्सनल डेटा में सेंध लगाने के लिए फेसबुक जैसे ऐप को भी

निशाना बनाया जाता है। इसी की वजह से आप की सर्च हिस्ट्री के आधार पर आपको ऐड दिखाई देते हैं। सर्च इंजन गूगल ने डिवेलपर्स कॉन्फ्रेंस आई/ओ 2019 में अपडेटेड प्रीवेसी और सिक्यॉरिटी पॉलिसी की घोषणा की थी। गूगल जल्द ऐंड्रॉयड का अपडेटेड वर्जन ऐंड्रॉयड आई/ओ लॉन्च करेगा। अगर आप भी अपनी प्रिवेसी के बारे में चिंतित हैं तो कुछ टिप्स के जरिए आप अपने डेटा को सिक्यॉर रख सकते हैं।

ऐप्स को न दें सारी पर्मिशन

कभी कभी ऐसा देखा जाता है कि कुछ ऐप्स आपसे ऐसी पर्मिशन मांगते हैं जिससे उनके फंक्शन करने का कोई संबंध नहीं है। जैसे कई वेदर यानी मौसम से जुड़े ऐप्स आपसे कॉल और कैमरे का एक्सेस मांगते हैं जबकि वेदर ऐप को फंक्शन करने के लिए आपकी लोकेशन और इंटरनेट कनेक्टिविटी के अलावा किसी पर्मिशन की जरूरत नहीं होती। इसी तरह अगर कोई गेमिंग ऐप माइक्रोफोन का एक्सेस मांगता है तो इसका मतलब है कि ऐप आपकी निजी बातें सुन सकता है। तो अगर कोई ऐप आपसे ऐसी पर्मिशन मांगता है जो आपको सही न लगे तो पर्मिशन को डिनाई कर दें। इसके बाद अगर ऐप ठीक से काम नहीं करता है तो कोई विकल्प के तौर पर कोई दूसरा ऐप डाउनलोड करें।

इन्फोसिस ने बुखारेस्ट में साइबर रक्षा केंद्र स्थापित किया

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस ने रोमानिया के बुखारेस्ट में साइबर रक्षा केंद्र स्थापित किया है। यह केंद्र बुखारेस्ट में इसी साल इन्फोसिस डिजिटल इनोवेशन सेंटर द्वारा दी जा रही सेवाओं का विस्तार है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह यह केंद्र यूरोपीय और वैश्विक कंपनियों को उनकी डिजिटल बदलाव की यात्रा में सुरक्षा निगरानी और संरक्षण सेवाएं उपलब्ध कराएगा। बयान में कहा गया है कि ये सेवाएं देश विशेष की नियामकीय जरूरतों के अनुरूप होंगी।

इन्फोसिस अपनी रोमानिया की मौजूदा टीम का विस्तार कर रही है। वह स्थानीय प्रतिभाओं की भर्ती कर रही है। साथ ही कंपनी मौजूदा और नए नियुक्त किए जा रहे कर्मचारियों को आधुनिक प्रशिक्षण देने में भी निवेश कर रही है।

डालियाह ने 400 मी. बाधा दौड़ का विश्व रिकार्ड तोड़ा

डेस मोइनेस (इवोवा) (आरएनएस)। अमेरिकी धावक डालियाह मोहम्मद ने यूएस एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दौरान महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया है। डालियाह ने रविवार को चैम्पियनशिप के अंतिम दिन 52.20 सेकेंड समय के साथ नया रिकार्ड कायम किया। उन्होंने यूलिया पेचोनकीना द्वारा 2003 में बनाए गए रिकार्ड को 0.14 सेकेंड के अंतर से तोड़ दिया।

रियो ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली डालियाह ने चौथे लेन से शुरुआत करते हुए यह कीर्तिमान

स्थापित किया। उनके साथ 2015 वर्ल्ड सिल्वर मेडलिस्ट शेमियर लिटिल और वर्ल्ड यू-20 रिकार्ड होल्डर सिडनी मैक्लॉलिन तथा एश्ले स्पेंसर भी प्रतिस्पर्धा में शामिल थीं।

मैक्लॉलिन ने 52.88 सेकेंड में रेस पूरी की जबकि स्पेंसर ने 53.11 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

टाटा केमिकल्स के गुजरात वाशिंग सोडा संयंत्र की विस्तार परियोजना को पर्यावरणीय मंजूर

नईदिल्ली (आरएनएस)। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सोडा राख निर्माता टाटा केमिकल्स को गुजरात में उसमू वाशिंग सोडा संयंत्र के विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी मिल गई है। इसकी अनुमानित लागत 1,042.07 करोड़ रुपये है। आधिकारिक दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई है। कंपनी देवभूमि द्वारका जिले के संयंत्र की क्षमता सालाना 10.91 लाख टन से बढ़ाकर 1.13 करोड़ टन सालाना करना चाहती है। केंद्र सरकार की एक हरित समिति ने विस्तार के प्रस्ताव की जांच और निरीक्षण कर रपट दी थी। समिति की सिफारिशों के आधार पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी (ईसी) दे दी है। टाटा केमिकल्स को जारी ईसी प्रमाण पत्र के मुताबिक , प्रस्तावित परियोजना को वन्यजीवों के लिहाज से जरूरी पूर्व अनुमति और कुछ अन्य शर्तों के साथ मंजूरी दे दी गई है। इसमें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति से मंजूरी भी शामिल है। प्रस्ताव के अनुसार , 231 एकड़ के मौजूदा संयंत्र में यह विस्तार किया जाएगा। इस परियोजना की लागत 1,042.07 करोड़ रुपये बैठने का अनुमान है। इसे पूरा होने में दो साल लगेंगे।

विजनेट छह महीने में 800 कर्मचारी भर्ती करेगी

नईदिल्ली (आरएनएस)। बिजनेस प्रोसेस प्रबंधन कंपनी विजनेट सिस्टम्स की योजना अगले छह महीने में भारत में 800 लोगों की भर्ती करने की है। कंपनी का इरादा अपने स्थानीय परिचालन का विस्तार करने और साल दर साल आधार पर कारोबार में 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का है। विजनेट सिस्टम प्राइवेट लि. के प्रबंध निदेशक आलोक बंसल ने बताया कि भारत में विजनेट लगातार वृद्धि की ओर है। हम अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना चाहते हैं। अगले छह महीने में हम 800 नए लोगों की भर्ती करेंगे। इससे भारत में हमारे कर्मचारियों की संख्या 2,500 पर पहुंच जएगी। हम सालाना आधार पर राजस्व और कर्मचारियों

की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।'' कंपनी पिछले 12 साल से भारत में परिचालन कर रही है। भारत में कंपनी के केंद्र कर्नाटक के बेंगलुरु और तमिलनाडु के कोयम्बटूर में हैं।

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने आईएफसी से जुटाए 10 करोड़ डॉलर

नईदिल्ली (आरएनएस)। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने विश्वबैंक समूह के सदस्य अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) से 10 करोड़ डॉलर की राशि जुटायी है। कंपनी इसका उपयोग सस्ते आवास की परियोजनाओं के लिए ऋण देने में करेगी।कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी में यह निवेश भारतीय रिजर्व बैंक की संशोधित विदेशी वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) रूपरेखा के तहत स्वतः मंजूरी मार्ग से किया गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक संजय गुप्ता ने कहा कि रिजर्व बैंक की स्वतः मंजूरी व्यवस्था के तहत चालू वित्त वर्ष में यह पहला ईसीबी निवेश है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने स्वतः मंजूरी मार्ग से ईसीबी के द्वारा सालाना 75 करोड़ डॉलर जुटाने की अनुमति दी हुई है।

आज का राशिफल

मेषः- राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी पैदा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। सायंकाल के समय अतिथियों के आगमन से खर्चा बढ़ सकता है।

वृषभः- कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से व्यवसाय में प्रगति होगी।

मिथुनः- सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, आज समाप्त हो जाएगी।

कर्कः- आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है।

सिंहः- पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट हो सकती है। साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं।

कन्याः- राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

तुलाः- कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनंदित होंगे।

वृश्चिकः- आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है।

धनुः- आज आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए खर्चे निकलकर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

मकरः- राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा।

कुंभः- लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी।

मीनः- आज आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावन बढ़ेगी। भक्ति भावना में इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा।

काजू बादाम की रबड़ी बनाने की विधि ...

इस मानसून का आनंद लेने के साथ आप घर रबड़ी बनाकर भी खा सकते है। तो आज जानते है स्वादिष्ट रबड़ी बनाने की विधि के बारे मे घर पर आसानी से बना सकते है। तो जानते विधि के बारे मे -

सामग्री -

250 ग्राम काजू, बादाम,पिस्ता बारीक कटे हुए, 03 लीटर दूध, 2 कप चीनी, 1 चम्मच इलायची पाउडर, 2 चम्मच केवड़ा जल

विधि -

सबसे पहले काजू, बादाम रबड़ी बनाने के लिए एक कड़ाही में दूध डाल कर उबालें बीच-बीच मे दूध को चलाते रहें। कुछ देर बाद जब दूध गाढ़ा होने लगे तो उसमें केवड़ा जल, इलायची पाउडर और शक्कर डालें और फिर धीमी आंच पर पकाते रहें। अब कुछ देर बाद धीरे-धीरे दूध गाढ़ा हो जाएगा और रबड़ी बन जाऐगी।

अब रबड़ी को कुछ देर के लिए ठंडा होने दें। उसके बाद ऊपर से काजू, बादाम, पिस्ता डाले और सभी को सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 40

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 39 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

सू-दोकू- 40

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.39 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6